**ब अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी, तहसील सैंज, जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश**

मिसल नं0 : 20 / 2025 आगामी पेशी : 14—11—2025

श्रीमती भीमी देवी पुत्री श्री नरोतु, निवासी गांव भौउरू थाच, डाकघर बनोगी, तहसील सैंज, जिला कुल्लू (हि0प्र0) प्रार्थिया।

बनाम

आम जनता

विषय.——पंचायत रिकार्ड में जन्म तिथि दर्ज करने बारे।

श्रीमती भीमी देवी पुत्री श्री नरोतु, निवासी गांव भौउरू थाच, डाकघर बनोगी, तहसील सैंज, जिला कुल्लू (हि0प्र0) ने इस अदालत में आवेदन—पत्र पेश किया है कि उसकी जन्म तिथि 01—01—1964 है जोकि अज्ञानतावश ग्राम पंचायत बनोगी के रिकार्ड में दर्ज नहीं हुई है। प्रार्थिया अपनी जन्म तिथि 01—01—1964 दर्ज करवाना चाहती है, प्रार्थिया ने इस अदालत से प्रार्थना की है कि उसकी जन्म तिथि दर्ज करने बारे सम्बन्धित पंचायत को लिखित आदेश पारित करने की कृपा करें।

अतः इस इश्तहार द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थिया की जन्म तिथि ग्राम पंचायत बनोगी के जन्म परिवार रजिस्टर भाग—I में दर्ज करने बारा कोई उजर / एतराज हो तो वह असालतन / वकालतन तारीख पेशी 14—11—2025 को सुबह 11.00 बजे हाजिर होकर अपना एतराज पेश कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई उजर व एतराज प्राप्त न होने पर प्रार्थना—पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम पंचायत बनोगी, तहसील सैन्ज में उक्त प्रार्थिया जन्म तिथि 01—01—1964 दर्ज करने के आदेश पारित किए जाएंगे।

आज दिनांक 03—10—2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

मोहर।

हस्ताक्षरित / —
कार्यकारी दण्डाधिकारी,
तहसील सैंज, जिला कुल्लू (हि0प्र0)।

————————